# मानहानि प्रकरण के खिलाफ राहुल गांधी की याचिका पर अंतिम सुनवाई 12 मई को

जबलपुर।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ भोपाल की विशेष अदालत में लंबित मानहानि प्रकरण के खिलाफ दायर याचिका पर गुरूवार को सुनवाई हुई। जस्टिस पीके अग्रवाल की सिंगल बेंच ने दलीलें सुनने के बाद मामले को अंतिम सुनवाई के लिए 12 मई को नियत किया । दरअसल, भाजपा नेता शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय सिंह के परिवाद पर एमपी-एमएलए कोर्ट भोपाल के विशेष मजिस्ट्रेट द्वारा राहुल गांधी को समन जारी किया गया था। समन व परिवाद को निरस्त कराने हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। राहुल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा एवं अजय गुप्ता ने पक्ष रखा। उन्होंने आरोपों को नकारते हुए परिवाद को बेबुनियाद बताया। राहुल गांधी ने याचिका में भाजपा नेता शिवराज सिंह चौहान के बेटे कार्तिकेय सिंह चौहान द्वारा दायर मानहानि केस को चुनौती दी है। कार्तिकेय सिंह ने एमपीएमएलए कोर्ट में मानहानि का केस दायर कर कहा है कि 2018 में राहुल कॉंग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। उस समय झाबुआ में हुई चुनावी सभा में राहुल गांधी ने एक भाषण के दौरान कथित



तौर पर पनामा पेपर्स लीक का जिक्र करते हुए शिवराज सिंह चौहान और उनके बेटे कार्तिकेय का नाम लिया था। राहुल गांधी ने तुलना करते हुए कहा था कि पाकिस्तान में नवाज शरीफ पर कार्रवाई हुई, लेकिन मध्यप्रदेश में ऐसा नहीं हुआ। इस बयान को लेकर कार्तिकेय सिंह चौहान ने इसे अपनी छवि को नुकसान पहुंचाने वाला बताते हुए मुकदमा दायर किया है। इसी मामले में राहुल गांधी को समन जारी किया गया है।

## रादुवि में पंजीकृत स्नातक के चुनाव दिसंबर तक कराएंगे

### हाईकोर्ट में कुलपति व कुलसचिव ने पेश की जानकारी

**जबलपुर** । रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर में पूर्व आदेश के बावजूद पंजीकृत स्नातक के चुनाव न कराए जाने के रवैये को अवमानना याचिका के जरिए चुनौती दी गई। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच के समक्ष कुलपति व कुलसचिव की ओर से व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अवगत कराया गया कि चुनाव प्रक्रिया दिसंबर माह तक पूर्ण कर ली जाएगी। इस जवाब को रिकार्ड पर लेकर अगली सुनवाई 15 मई को नियत की दी गई। अवमानना याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी राधेश्याम अग्रवाल की ओर से अधिवक्ता अंकित अग्रवाल ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि रादुवि की कार्यपरिषद में 15 प्रतिशत स्थान पूर्व छात्रों स्नातकों की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। जिसके लिए निर्धारित योग्यता रखने वालों को रादुवि में खुद को पंजीकृत कराना आवश्यक है। हाई कोर्ट के आदेश के बावजूद भी पंजीकृत स्नातक का चुनाव नहीं कराए जाने के कारण अवमानना याचिका दायर की गई है। रादुवि में पूर्व छात्रों को प्रतिनिधित्व नहीं देना विश्वविद्यालय अधिनियम का उल्लंघन है। याचिका की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने विश्वविद्यालय के कुलपति व कुलसचिव को तलब किया था।

## जनेकृविवि में बीज उत्पादन कार्यशाला संपन्न, प्रक्षेत्रों के प्रदर्शन की हुई समीक्षा

**हरिभूमि, जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत संचालित 24 प्रक्षेत्रों के प्रभारी एवं अधिकारियों की वार्षिक समीक्षा कार्यशाला का आयोजन कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में संचालक अनुसंधान सेवाएं स्थित मंथन सभागार में किया गया। बैठक में बीज उत्पादन से जुड़ी गतिविधियों, उपलब्धियों तथा आगामी वर्ष की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला की शुरुआत में संचालक प्रक्षेत्र डॉ. विजय यादव ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों और प्रक्षेत्रों पर बीजोत्पादन से संबंधित जानकारी का प्रस्तुतीकरण किया। विभिन्न केंद्रों से आए प्रक्षेत्र प्रभारियों ने वर्ष 2025-26 के प्रजनक बीज उत्पादन तथा वर्ष 2026-27 की बीज उत्पादन योजना का विवरण प्रस्तुत किया। कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सभी प्रक्षेत्रों के प्रदर्शन को सराहनीय बताया। उन्होंने आगामी मौसम आधारित नई प्रजातियों के बीज उत्पादन और उत्पादन वृद्धि पर जोर देते हुए वैज्ञानिकों को महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि प्रक्षेत्रों के कार्य से ही अन्नदाता किसानों को बेहतर परिणामों की आशा और विश्वास मिलता है, इसलिए आवश्यक फसलों के उत्पादन बढ़ाने के लिए ठोस रोडमैप तैयार किया जाए। बैठक का संचालन एवं आभार प्रदर्शन संचालक प्रक्षेत्र प्रभारी डॉ. विजय यादव द्वारा किया गया। कार्यशाला में अधिष्ठाता कृषि



संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. ए.के. जैन, संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. टी.आर. शर्मा, अधिष्ठाता कृषि उद्यानिकी संकाय डॉ. स्वाती बारचे, लेखानियंत्रक श्रीमती संजू तिवारी, विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज श्रीवास्तव, तथा क्वालिटी सीड प्रोडक्शन परियोजना के डॉ. संजय कुमार सिंह एवं डॉ. अजय जायसवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## मेंटल वेलनेस सेमिनार आज

### रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के गवर्नर रोटे अमित जायसवाल भी करेंगे शिरकत

**जबलपुर।** रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर संस्कारधानी के तत्वावधान में एवं शहर के समस्त रोटरी क्लबों के सहयोग से 8 मई को एक विशेष मेंटल वेलनेस सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के गवर्नर रोटे अमित जायसवाल के गरिमामय नेतृत्व में आयोजित होगा। सेमिनार का आयोजन स्थानीय ज्ञान गंगा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स (एमबीए सेमिनार हॉल) में किया जाएगा। कार्यक्रम में मध्य भारत की प्रख्यात साइकोलॉजिस्ट डॉ. ईला गुप्ता मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहकर मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन एवं सकारात्मक जीवनशैली पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करेंगी। इस अवसर पर ज्ञान गंगा ग्रुप के डायरेक्टर्स अपूर्व सिंघई, राजनीत जैन एवं पंकज गोयल की विशेष उपस्थिति रहेगी। साथ ही रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर संस्कारधानी के पूर्व अध्यक्षगण एवं शहर के गणमान्य रोटेरियन भी कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, युवाओं एवं समाज के विभिन्न वर्गों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम की जानकारी रोटरी डिस्ट्रिक्ट मीडिया चेयरमैन रोटे नितिन जैन एवं ज्ञान गंगा ग्रुप के निदेशक अपूर्व सिंघई द्वारा संयुक्त रूप से मीडिया के साथ साझा की गई। इस आयोजन को सफल बनाने में रोटरी क्लब संस्कारधानी के अध्यक्ष रोटे अरुण गुप्ता, सचिव रोटे अभिषेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रोटे अनिल अग्रवाल एवं पूर्व अध्यक्ष रोटे अशोक गुप्ता, रोटे अरुण खर्द, रोटे समीर कानडे, रोटे तल्लीन बावा, रोटे अमित जैन, रोटे शैलेष गुलाटी,रोटे समर गायकवाड़, रोटे अंजुल जैन, रोटे विक्रांत जैन, रोटे नितिन जैन, रोटे सुनील जसवानी, रोटे मनीष बजाज सहित समस्त क्लब पदाधिकारियों का सक्रिय सहयोग रहेगा।






## हाईकोर्ट ने कृषि भूमि से सड़क निकालने पर मांगा जवाब

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने कृषि भूमि से सड़क निकालने के आरोप पर जवाब-तलब कर लिया है। जस्टिस विनय सराफ की सिंगल बेंच ने इस सिलसिले में राज्य शासन, राजस्व विभाग, कलेक्टर जबलपुर, खन्ना बिल्डर्स, सतपुड़ा इन्फ्राकाम, पूर्व तहसीलदार विवेक त्रिपाठी सहित 12 अनावेदकों को नोटिस जारी किए हैं। अगली सुनवाई 22 जून को नियत की गई है।याचिकाकर्ता शक्ति नगर निवासी विनोद कुमार चाटे व शांति नगर निवासी अधिवक्ता वंदना श्रोती की ओर से अधिवक्ता पुनीत श्रोती ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि जबलपुर के दो बिल्डरों और एक पूर्व तहसीलदार ने खेती की जमीन पर सड़क बनाकर अतिक्रमण कर लिया है। खेती की करीब ढाई एकड़ जमीन नयागांव में स्थित है, जिसका अभी तक डायवर्सन नहीं हुआ है। जमीन के एक हिस्से पर अवैध रूप से कब्जा किया और वहां पर 15 मीटर चौड़ी सड़क बना दी गई है। इस बारे में सभी संबंधित अधिकारियों को बार-बार शिकायतें देने के बाद भी कोई कार्रवाई न होने पर यह याचिका दायर की गई।

## जबलपुर मेडिकल यूनिवर्सिटी को विखंडित करने के प्रस्ताव का विरोध

### एमपीएमएसयू के होंगे 3 टुकड़े, एक भोपाल, दूसरा उज्जैन जायेगा

**जबलपुर।** मप्र आयुर्विज्ञान विश्व विद्यालय मेडिकल यूनिवर्सिटी (एमपीएमएसयू) के विखंडन की तैयारी शुरु हो गई। इस यूनिवर्सिटी को तीन हिस्से में बनाने का प्रस्तावित तैयार किया गया है, जिसका एक हिस्सा भोपाल, दूसरा हिस्सा उज्जैन और तीसरा हिस्सा जबलपुर में रखना प्रस्तावित है। जबलपुर के साथ लगातार उपेक्षित व्यवहार किया जा रहा है। इसके पूर्व 6 साल पहले रादुविवि का विखंडन किया गया, रादुविवि के हिस्से के कॉलेज छिंदवाड़ा यूनिवर्सिटी को दिए और फिर डेयरी साइंस कॉलेज जबलपुर से छीनकर उज्जैन में स्थापित कर दिए। इसी तरह वेटरनरी यूनिवर्सिटी भी विखंडित की गई। जबलपुर के साथ इस उपेक्षित रवैये को लेकर नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने कड़ा विरोध जताया है। मंच ने कहा है कि अमेरिकी यूनिवर्सिटी के विखंडन को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को एक पत्र लिखा गया है जिसकी प्रतिलिपि लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह को भी भेजी गई।

नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने इस प्रस्ताव को विखंडन बताकर इसका घोर विरोध करने का निर्णय लिया है। तदानुसार मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को पत्र भेजा है। पत्र की प्रतिलिपि मंत्री राकेश सिंह को भी भेजी है। उपभोक्ता मंच के प्रातांध्यक्ष डॉ.पीजी नाजपांडे ने बताया कि 6 वर्ष पूर्व में रादुविवि का हिस्सा छिंदवाड़ा यूनिवर्सिटी को देकर जबलपुर के यूनिवर्सिटी का विखंडन किया गया है। उसके बाद 2 वर्ष पूर्व में डेयरी साइंस कॉलेज जबलपुर से छीनकर उसे उज्जैन स्थापित किया गया, उसे विक्रम यूनिवर्सिटी को दिया गया तथा जबलपुर के वेटरनरी यूनिवर्सिटी का विखंडन किया गया। उन्होंने बताया कि एमपीएमएसयू विखंडन को लेकर अब यह दलील दी जा रही है कि मेडिकल यूनिवर्सिटी में एलोपैथी, आयुर्वेदिक, नर्सिंग आदि कॉलेजों की संख्या बढ़ने से काम ज्यादा बढ़ गया है। ऐसी स्थिति में जबलपुर कैंपस में ही तीन अलग बिल्डिंग में इन विभागों को स्थापित करना चाहिए। इससे मेडिकल यूनिवर्सिटी को अलग शहरों में हिस्सों में बांटने की जरुरत नहीं पड़ेगी। मंच की बैठक में डॉ.पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, सुशीला कनौजिया, उमा दाहिया, डीआर लखेरा, मनीष शर्मा, माया कुशवाहा आदि शामिल थे।

## किसानों के मुद्दे पर राजनीति करने से पहले कांग्रेस माफी मांगे : नीरज सिंह लोधी

**जबलपुर।** किसानों के मुद्दे पर कांग्रेस द्वारा किए जा रहे आंदोलन पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं विधायक नीरज सिंह लोधी ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस को किसानों के नाम पर राजनीति करने के बजाय अपने शासनकाल में किए गए छल, झूठ और वादाखिलाफी के लिए माफी मांगनी चाहिए। रानीताल स्थित भाजपा संभागीय कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों को सम्मान, बेहतर समर्थन मूल्य और विभिन्न सुविधाएं प्रदान की हैं। नीरज सिंह लोधी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस शासनकाल में किसानों को समर्थन मूल्य पर उपज बेचने की व्यवस्थित सुविधा नहीं मिलती थी और 15 महीने की कमलनाथ सरकार ने कर्जमाफी का वादा कर लाखों किसानों को डिफॉल्टर बना दिया था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों को ब्याज राहत देकर आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों को लागत का डेढ़ गुना एमएसपी देने की दिशा में निर्णायक कदम उठाए गए। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के लंबे शासनकाल में गेहूं के समर्थन मूल्य में सीमित वृद्धि हुई, जबकि भाजपा सरकार के कार्यकाल में इसमें उल्लेखनीय बढ़ोतरी की गई है। प्रदेश सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश देश का एकमात्र राज्य है, जहां केंद्र सरकार की किसान सम्मान निधि के अतिरिक्त राज्य सरकार भी किसानों को 6 हजार रुपए की सहायता प्रदान कर रही है। साथ ही शून्य प्रतिशत ब्याज पर फसल ऋण, सिंचाई विस्तार और बोनस जैसी योजनाओं से किसानों को लाभ मिल रहा है। नीरज सिंह लोधी ने कहा कि भाजपा सरकार की किसान हितैषी नीतियों के कारण मध्यप्रदेश को सात बार कृषि कर्मण पुरस्कार प्राप्त हुआ है और राज्य कृषि उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी बना है। उन्होंने कांग्रेस से पूछा कि उसने अपने शासनकाल में किसानों के हित में कौन से स्थायी और ऐतिहासिक निर्णय लिए थे।

## स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल लाने महापौर मैदान में उतरे, नागरिकों से लिया फीडबैक



**जबलपुर।** शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण में देश के शीर्ष शहरों में शामिल कराने के उद्देश्य से महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने स्वच्छता अभियान की कमान संभाल ली है। महापौर ने शहरवासियों से सीधा संवाद कर उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक किया तथा सकारात्मक फीडबैक देने का अनुरोध किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं मौजूद रहकर सैकड़ों नागरिकों से स्वच्छता सर्वेक्षण का फीडबैक प्राप्त किया। महापौर ने शासकीय निवास परिसर सहित विभिन्न क्षेत्रों में दुकानदारों, राहगीरों और रहवासियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने नागरिकों को डिजिटल एवं फिजिकल माध्यमों से बताया कि उनका सकारात्मक फीडबैक जबलपुर की राष्ट्रीय रैंकिंग सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। अभियान के दौरान नागरिकों ने शहर को स्वच्छ एवं कचरा मुक्त रखने की शपथ ली। महापौर अन्नू ने कहा कि स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने विश्वास जताया कि जबलपुर की जागरूक जनता के सहयोग से शहर स्वच्छता के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा।

## मुंबई हावडा मेल में सफर के दौरान यात्री की बिगड़ी तबियत

**जबलपुर।** मंडल के नरसिंहपुर स्टेशन पर गुरुवार को मुंबई-हावड़ा डाउन मेल में सफर कर रहे एक यात्री की अचानक तबीयत खराब हो गई। सूचना मिलने पर रेलवे अधिकारियों और डॉक्टरों ने तुरंत मदद पहुंचाई। बताया गया कि 36 वर्षीय रमेश मुंबई से कोडरमा जंक्शन जा रहा था। यात्रा के दौरान उसे बार-बार चक्कर और बेहोशी आने लगी। जानकारी मिलने पर ट्रेन के नरसिंहपुर स्टेशन पहुंचते ही रेलवे चिकित्सक डॉ. आर.आर. कुर्रे ने यात्री की जांच की। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार और दवाइयां दीं, जिसके बाद यात्री की हालत में सुधार हुआ। इसके बाद उसे आगे की यात्रा की अनुमति दे दी गई। डॉक्टर के अनुसार यात्री चिकन पॉक्स से पीड़ित था और तेज गर्मी व डिहाइड्रेशन के कारण उसकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई थी। रेलवे डॉक्टर ने यात्रियों से अपील की है कि बीमारी की हालत में बिना सलाह के यात्रा न करें। उन्होंने कहा कि संक्रामक बीमारी होने पर दूसरे यात्रियों को भी खतरा हो सकता है, इसलिए सावधानी जरूरी है।



## ट्रांजेड विजिट पर डुमना पहुंचे मुख्यमंत्री का स्वागत

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का गुरुवार को दोपहर 1.26 बजे वायुयान द्वारा डुमना एयरपोर्ट जबलपुर आगमन हुआ। इस दौरान विधायक अशोक रोहाणी,डॉ अभिलाष पांडे, महापौर जगत बहादुर अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज,भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, प्रदेश भाजपा कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन सहित गणमान्य व्यक्तियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ यादव एयरपोर्ट पर कुछ समय रुकने के बाद दोपहर 1.53 बजे हेलीकॉप्टर से मंडला जिले के निवास के पास स्थित खिन्हा रैयत हेलिपैड के लिए रवाना हुए। वहां जेवरा रिपटा में आयोजित सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते के यहां आयोजित विवाह समारोह में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव हेलीकॉप्टर से पुनः डुमना एयरपोर्ट पहुंचे और दोपहर 3.35 बजे वायुयान द्वारा आंध्रप्रदेश के तिरूपति के लिए प्रस्थान किये।

## फ्लाईओवर में सुरक्षा मानकों को लेकर विवाद

### सीमेंट के टुकड़े गिरने पर तकनीकी आडिट की दरकार

**जबलपुर।** शहर की सबसे बड़ी और बहुचर्चित आधारभूत परियोजनाओं में शामिल फ्लाईओवर एक बार फिर विवादों में आ गया है। मध्यप्रदेश के सबसे लंबे बताए जा रहे इस फ्लाईओवर में अचानक कंक्रीट और बोल्डर जैसे हिस्से नीचे गिरने लगे हैं. जिससे राहगीरों में दहशत पैदा होने लगी है। घटना के समय नीचे कोई वाहन या राहगीर मौजूद नहीं था, जिसके चलते बड़ा हादसा टल गया। लेकिन इस घटना ने करोड़ों रुपये की लागत से बने फ्लाईओवर की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक गत दोपहर के समय रानीताल चौराहे के पास फ्लाईओवर के एक हिस्से से अचानक कंक्रीट के टुकड़े और भारी पत्थर नीचे गिरने लगे। तेज आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग घबरा गए और कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यह घटना व्यस्त ट्रैफिक के समय होती, तो कई लोगों की जान खतरे में पड़ सकती थी। करीब 7 किलोमीटर लंबे इस फ्लाईओवर को शहर में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से तैयार किया गया था। लगभग 1053 करोड़ रुपये की लागत से बनी इस परियोजना को विकास की बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश किया गया था। दावा किया गया था कि इससे शहर के प्रमुख मार्गों पर जाम की समस्या कम होगी और लोगों को राहत मिलेगी। हालांकि अब फ्लाईओवर से निर्माण सामग्री गिरने की घटना के बाद लोगों के मन में इसकी मजबूती को लेकर चिंता बढ़ गई है।





#### तकनीकी आडिट की मांग

घटना के बाद स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने निर्माण एजेंसियों और संबंधित विभागों पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। राष्ट्रीय शिक्षित युवा संघ के नीरज शर्मा ने कहा कि नए फ्लाईओवर से कंक्रीट गिरना बेहद गंभीर मामला है और यह निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। संगठन ने मांग की है कि पूरे फ्लाईओवर का स्वतंत्र तकनीकी ऑडिट कराया जाए। साथ ही निर्माण में इस्तेमाल की गई सामग्री की गुणवत्ता रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाए, ताकि लोगों के बीच बनी आशंकाएं दूर हो सकें। संघ ने जिम्मेदार अधिकारियों और निर्माण एजेंसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग भी की है।

#### जांच रिपोर्ट सार्वजनिक हो

घटना के बाद रोजाना फ्लाईओवर से गुजरने वाले वाहन चालकों और आसपास रहने वाले लोगों में डर का माहौल है। कई लोगों का कहना है कि यदि नई परियोजनाओं में शुरुआत से ही इस तरह की घटनाएं सामने आने लगें, तो आम जनता का भरोसा कमजोर होता है। लोगों ने प्रशासन से जल्द जांच कर रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की है। फिलहाल प्रशासन की ओर से मामले की जांच की बात कही जा रही है। अब शहरवासियों की नजर इस बात पर टिकी है कि जांच में क्या तथ्य सामने आते हैं और सुरक्षा मानकों में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित जिम्मेदारों पर क्या कार्रवाई की जाती है।

# कुव्यवस्था और गंदगी बनी सिहोरा नगर की पहचान, सड़कों पर बह रहा नालियों का पानी





**सिहोरा।** नगर पालिका क्षेत्र के 18 वार्डों में सफाई व्यवस्था बदहाल होती जा रही है। गली-मोहल्लों में फैली गंदगी, बजबजाती नालियां और जगह-जगह लगे कचरे के ढेरों से स्थानीय लोग परेशान हैं। नगरवासियों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के चलते सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, जबकि नगर पालिका के पास पर्याप्त सफाई कर्मचारी मौजूद हैं। नगर के कई इलाकों में कचरा डंप होने से बदबू फैल रही है। संकीर्ण मार्गों से हाथ ठेलों के माध्यम से कचरा एकत्र तो किया जाता है, लेकिन कई स्थानों पर उसे समय पर नहीं उठाया जाता, जिससे आवारा मवेशी कचरे को सड़कों और नालियों में फैला देते हैं। इससे वातावरण दूषित हो रहा है और लोगों को दुर्गंध के बीच आवागमन करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि वार्ड क्रमांक 2, 11 और 13 सहित कई क्षेत्रों में महीनों से नालियों की सफाई नहीं हुई है। नालियों में जमा कचरे और गंदे पानी से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। वार्ड 13 के मुख्य मार्ग, जो रेलवे स्टेशन से कृषि उपज मंडी और निजी स्कूल को जोड़ता है, वहां की नालियां कचरे से पटी पड़ी हैं। व्यापारियों ने बताया कि नियमित सफाई नहीं होने से पानी की निकासी बाधित हो रही है और नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है।

नगरवासियों ने आरोप लगाया कि कचरा संग्रहण के नाम पर टैक्स वसूला जा रहा है, लेकिन सफाई व्यवस्था पूरी तरह लचर बनी हुई है। लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से शीघ्र सफाई व्यवस्था सुधारने और नियमित नाली सफाई की मांग की है।

# जीशान मंसूरी बने जागरूक खेल संघ के जिला सचिव




**जबलपुर।** संभागीय अध्यक्ष राकेश श्रीवास की अनुशंसा पर जीशान मंसूरी को संगठन का जिला सचिव नियुक्त किया गया है। संगठन ने यह निर्णय सभी पदाधिकारियों की सहमति से लिया। बताया गया कि जीशान मंसूरी लंबे समय से संगठन के प्रति निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य कर रहे हैं तथा खेल क्षेत्र में भी उनका महत्वपूर्ण सहयोग रहा है। नियुक्ति के अवसर पर पदाधिकारियों ने जीशान मंसूरी का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया एवं मिष्ठान वितरण कर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान संगठन हित में समर्पण भावना से कार्य करने और खेल क्षेत्र में निरंतर योगदान देने की अपेक्षा व्यक्त की गई। मध्य प्रदेश जागरूक खेल संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, राजेश सहारिया, रिज़वान मंसूरी, राजकुमार यादव, अशरफ खान, जुनैद अंसारी, सैफ खान, शदाब मंसूरी, जीशान खान, इरशाद उस्मानी, एडवोकेट सलमान मंसूरी, भोला सिंह चौहान, तेजभान सिंह, सहित अन्य पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## बरगी हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि सदर में शांति सभा आयोजित

**जबलपुर।** सदर स्थित शिव मंदिर में बरगी दुर्घटना में मृत लोगों की आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि एवं शांति सभा का आयोजन मानव अधिकार एवं अपराध निवारण संगठन द्वारा किया गया। सभा में डॉ. अजय वाधवानी, सीताराम कुरचनिया, नायडू अन्ना, पुष्पेंद्र महाराज, प्रकाश महाराज, अंचल महाराज, अपूर्व गुप्ता, मुकेश अन्ना, एड. आशीष त्रिपाठी एवं डॉ. अशोक मेथवानी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित कर शांति के लिए प्रार्थना की। वक्ताओं ने मृतकों के परिजनों को संबल प्रदान करने की कामना करते हुए प्रशासन से दुर्घटना के दोषियों पर सख्त कार्रवाई एवं पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग की।

# व्यापारी कल्याण बोर्ड गठन पर व्यापारियों ने मुख्यमंत्री का जताया आभार



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन की कैबिनेट बैठक में व्यापारी कल्याण बोर्ड के गठन के निर्णय का जबलपुर सहित प्रदेशभर के व्यापारिक संगठनों एवं व्यापारियों ने स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है।

व्यापारी प्रतिनिधियों ने कहा कि व्यापारी कल्याण बोर्ड व्यापारियों के हितों की रक्षा, व्यापार से जुड़ी समस्याओं के समाधान तथा शासन और व्यापारियों के बीच संवाद का प्रभावी मंच बनेगा। लंबे समय से व्यापारी वर्ग इस बोर्ड की मांग कर रहा था, जिसे मुख्यमंत्री ने पूरा कर व्यापारियों को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास में व्यापारी वर्ग महत्वपूर्ण योगदान देता है और यह निर्णय ऐतिहासिक साबित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के डुमना प्रवास के दौरान जबलपुर के विभिन्न व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने उनका स्वागत कर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश सराफा एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजा सराफ, कैट से संदेश जैन, रोहित खटवानी, दीपक सेठी, महाकौशल चेंबर ऑफ कॉमर्स से प्रभात जैन, सर्राफा एसोसिएशन जबलपुर के अध्यक्ष नवीन सराफ, मच्छरहाई व्यापारी संघ से मंजेश जैन, मेन रोड व्यापारी संघ से प्रवीण जैन, बेंगल एसोसिएशन से अभिषेक जैन, मुकादमगंज व्यापारी संघ से भीमलाल गुप्ता, नरघैया व्यापारी संघ से अनुज जैन, मानस भवन-नॉर्मल स्कूल व्यापारी संघ से मोनू साहू एवं फुटकर कपड़ा विक्रेता संघ से गौरव जैन सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।



## दो माह से क्षतिग्रस्त पड़ा नगर का प्रवेश द्वार, सुधार कार्य शुरू नहीं

**बरेला।** नगर परिषद द्वारा नगर की सुंदरता बढ़ाने के उद्देश्य से लगभग 8-8 लाख रुपये की लागत से बनाए गए प्रवेश द्वारों में से मंडला बायपास स्थित प्रवेश द्वार अज्ञात वाहन की टक्कर से क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना को दो माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद अब तक मरम्मत कार्य शुरू नहीं हो सका है, जिससे नगरवासियों में नाराजगी है। जानकारी के अनुसार नगर के एक प्रवेश द्वार का निर्माण कैनाल के समीप तथा दूसरे का मंडला बायपास मार्ग पर किया गया था। मंडला बायपास स्थित प्रवेश द्वार क्षतिग्रस्त होने से नगर की सुंदरता प्रभावित हो रही है। बताया जा रहा है कि यह प्रवेश द्वार अभी नगर परिषद को हैंडओवर नहीं हुआ है और ठेकेदार की देखरेख में है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा मरम्मत को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई गई। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि प्रवेश द्वार का जल्द सुधार कराया जाए, ताकि नगर में प्रवेश करने वाले लोगों के सामने साफ-सुथरी और सुंदर छवि बनी रहे। इस संबंध में सीएमओ संजय पांडे ने बताया कि ठेकेदार को मरम्मत कार्य के निर्देश दे दिए गए हैं और शीघ्र ही प्रवेश द्वार को दुरुस्त करा दिया जाएगा।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार कांग्रेस प्रकोष्ठ ने कांग्रेस नेताओं का किया स्वागत



**जबलपुर।** शहर जिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार कांग्रेस प्रकोष्ठ द्वारा हनुमानताल स्थित नगर अध्यक्ष राजेन्द्र रज्जू सराफ के निवास पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव व समस्त प्रकोष्ठों के प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह चौहान का स्वागत-सम्मान किया गया। इस अवसर पर नेताओं ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए आगामी चुनावों में कांग्रेस की जीत का विश्वास जताया। कार्यक्रम में कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक संजय यादव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश चौधरी तथा पूर्व विधायक विनय सक्सेना विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्वागत समारोह में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव मनोज नामदेव, नगर निगम उपनेता प्रतिपक्ष गुड्डू नबी, पार्षद अख्तर अंसारी, कहेकशा अंजुम, फहिम खान सहित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ के केशव प्रसाद चौरसिया, निर्मलचंद जैन, आकाश तिवारी, गुरु प्रसाद नीखरा, ओमप्रकाश शर्मा, ओमप्रकाश जायसवाल, शिवमंगल यादव, मदन मोहन राय, पवन सोनी, श्याम सोलंकी, अशोक यादव एवं विष्णु विनोदिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवारों के सदस्य उपस्थित रहे।नेताओं ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं स्वतंत्रता सेनानी वंशजों का मनोबल बढ़ाते हुए चुनाव में मजबूती से मुकाबला करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने प्रदेश में पुनः कांग्रेस सरकार बनाने का संकल्प लिया।

# अवैध कारखानों के खिलाफ हिन्दू टाइगर फोर्स का प्रदर्शन, निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



**जबलपुर।** अधारताल क्षेत्र के नेता कॉलोनी, कटरा, निर्भय नगर, संजय नगर सहित अन्य रहवासी इलाकों में संचालित अवैध कारखानों एवं फैक्ट्रियों के विरोध में हिन्दू टाइगर फोर्स संगठन ने नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। संगठन ने आरोप लगाया कि बिना अनुमति चल रहे कारखानों से स्थानीय लोगों को प्रदूषण, हादसों और सुरक्षा संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में नगर निगम एवं संबंधित विभागों से संयुक्त जांच कर नियम विरुद्ध संचालित इकाइयों को तत्काल बंद कराने तथा जिम्मेदार लोगों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई।

इस दौरान निगम आयुक्त ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने के दौरान हिन्दू टाइगर फोर्स के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इनमें हिन्दू नितेश पटेल, हिन्दू सुशील बर्मन, हिन्दू मोनू पटेल, हिन्दू अविनाश विश्वकर्मा, हिमेश झरिया, हिन्दू अनुराग, हिन्दू प्रांशु बर्मन, हिन्दू शक्ति शुक्ला और दलचंद सैनी सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

# महाप्रबंधक के साथ वर्ष 2026 की पहली पीएनएम बैठक आयोजित



**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय में महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह के साथ वर्ष 2026 की पहली स्थायी वार्ता तंत्र (पीएनएम) बैठक आयोजित की गई। दो दिवसीय इस बैठक में मान्यता प्राप्त ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों ने संरक्षा, परिचालन सुधार एवं कर्मचारी कल्याण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि रेलवे देश के आर्थिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा नई परियोजनाओं के क्रियान्वयन, आधुनिक तकनीकों के उपयोग और संसाधनों के बेहतर प्रबंधन के माध्यम से सुरक्षित एवं सुगम रेल संचालन सुनिश्चित किया जा रहा है।महाप्रबंधक ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 पश्चिम मध्य रेलवे के लिए नई लाइन निर्माण, दोहरीकरण-तिहरीकरण, रेल फ्लाईओवर निर्माण, स्क्रैप बिक्री, यात्री सुविधाओं के विस्तार तथा तकनीकी नवाचारों के उपयोग के कारण उपलब्धियों से भरा रहा। बैठक में रेलवे संचालन में सुधार के लिए कर्मचारी भागीदारी पर विशेष जोर दिया गया।पीएनएम बैठक का उद्देश्य रेलवे प्रशासन और कर्मचारियों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखना, परिचालन संबंधी समस्याओं का समाधान करना तथा कर्मचारी हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करना रहा। बैठक में हुई चर्चाओं के आधार पर कार्यवृत्त जारी किए जाएंगे तथा लंबित मामलों पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस.डी. पाटीदार, मुख्य कार्मिक अधिकारी/आईआर अजय कुमार दीक्षित, सचिव महाप्रबंधक जे.पी. सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, मुख्य कल्याण निरीक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




**श्री विनोद वर्मा-** शंकरशाह नगर रामपुर निवासी श्री विनोद वर्मा (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नंद लाल टकटानी-** महेशपुर मदनमहल निवासी श्री नंद लाल टकटानी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती उमा बाई सोनी-** विनोबा नगर अधारताल निवासी श्री लक्ष्मी नारायण सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती उमा बाई सोनी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पुष्पा गुप्ता-** सेठी नगर रामपुर निवासी श्री काशी प्रसाद गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा गुप्ता (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री शिवाजी पांडे-** माल बाबा रोड अधारताल निवासी श्री शिवाजी पांडे (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई श्रीवास्तव-** आनंद कॉलोनी बल्देवबाग निवासी श्री विष्णु प्रसाद श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई श्रीवास्तव का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री हरिकृष्ण शुक्ला-** टावर नं. 6, सुखसागर ब्लू गौरीघाट रोड निवासी श्री हरिकृष्ण शुक्ला (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रामवती अग्रवाल-** मोची कुआं गढ़ाफाटक निवासी श्री उमा शंकर अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती रामवती अग्रवाल (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मुन्नी बाई भाट-** राधाकृष्णन वार्ड मरही माता मंदिर के पास निवासी श्री गनेश भाट की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई भाट (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में संपन्न हुआ।

**श्रीमती श्यामा बाई कोल-** बंशकार मोहल्ला विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री रमई कोल की धर्मपत्नी श्रीमती श्यामा बाई कोल (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
रंगीन 400/-
रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग

**नाम एंव जन्मतिथि परिवर्तन सूचना**

I, PARAMA NAND is legally Father of ARMY NO-JC 333668H, Rank- SUB MAJ, Name- YASH PAL presently residing at Vill- DAGRAHAN,POST- ZAKATKHANA Teh- SHRI NAINA DEVI JI, Distt.- BILASPUR, State- HIMACHAL PRADESH, PIN-174011.. शपथपूर्वक नि. लि. कथन करता हूँ कि मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम एंव जन्मतिथि PARMA NAND & 01/07/1960 दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरे आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम एंव जन्मतिथि PARAMANAND / 17/10/1954 दर्ज हैं। जो कि सही है मेरे नाम को पढा व सुना पत्र नं 35AA 716697 दिनांक एंव मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए । द्वारा शपथ 07-05-26 नोटरी जबलपुर म प्र ।

गलत नाम एंव जन्मतिथि- PARMA NAND & 01-07-1960

सही नाम एंव जन्मतिथि - PARAMA NAND & 17-10-1954

**CHANG OF NAME**

I, Was Known As **Nishi Varma** I, Have Changed The Spelling Ofmy Surname And Hence Forth I, Shall Be Known As Nishi Verma W/o Nitin Verma Resident Of P/67-a, Professor Colony, karmeta,jabalpur,M.P., Pin-482002

**Jabalpur- Dated- 07.05.2026**

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्रं-स.अधि./13/मुख्यालय/2026-27/एम/21
दिनांक:- 07/05/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति रेणुका आहूजा पति श्री कैलाश कुमार आहूजा ने मकान नं. 899 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 452 व.फु. प्रथम तल 352 व.फु., द्वितीय तल 100 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**नाम एंव जन्मतिथि परिवर्तन सूचना**

I, BIMLA is legally Mother of ARMY NO- JC 333668H, Rank- SUB MAJ, Name- YASH PAL presently residing at Vill- DAGRAHAN POST- ZAKATKHANA Teh- SHRI NAINA DEVI JI,Distt.- BILASPUR, State- HIMACHAL PRADESH, PIN-174011 शपथपूर्वक नि. लि. कथन करती हूँ कि मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम एंव जन्मतिथि VIMALA DEVI & 01/07/1965 दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरे आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम एंव जन्मतिथि BIMLA & 02-10-1957 दर्ज हैं। जो कि सही है मेरे नाम को पढा व सुना एंव मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए । द्वारा शपथ पत्र नं 35AA 716696 दिनांक 07-05-26 नोटरी जबलपुर म प्र ।

गलत नाम एंव जन्मतिथि VIMALA DEVI & 01-07-1965

सही नाम एंव जन्मतिथि - BIMLA & 02-10-1957

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्रं-स.अधि./13/मुख्यालय/2026-27/एम/24
दिनांक:- 07/05/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) राजू समैया (जैन) पिता श्री सी.के. समैया (2) श्रीमति प्रीति समैया (जैन) पति श्री राजू समैया (जैन) ने मकान नं. 781/1 का भाग वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती खुली भूमि 1311 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्रं-स.अधि./13/मुख्यालय/2026-27/एम/23
दिनांक:- 07/05/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति आरती क्लेंटन पति श्री विक्टर क्लेंटन, रेवेन्ट क्लेटन एव रूपाली क्लेटन दोनों के पिता श्री विक्टर कलेंटन ने मकान नं. 1324 का भाग वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 850 व.फु. शपथपत्र/ मृत्यु प्रमाणपत्र/ वसीयतनामा/ खसरे की नकल के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**नाम एंव जन्मतिथि परिवर्तन सूचना**

I, KRISHNA DEVI. is legally MOTHER of of ARMY NO-15498709W, Rank - HAV, Name- KAMAL SINGH presently residing at Vill- RAM GADHI SITA, POST- KOT, Teh - BHIND, Distt- BHIND, State-M.P., PIN - 477333. शपथपूर्वक नि. लि. कथन करती हूँ कि मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम एंव जन्मतिथि MEENA DEVI/01/07/1970 दर्ज है । जो कि गलत है। यह कि मेरे आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम एंव जन्मतिथि KRISHNA DEVI /01/01/1971 दर्ज हैं। जो कि सही है मेरे नाम को पढा व सुना एंव मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए । द्वारा शपथ पत्र नं 38AA 580942 दिनांक 05-05-26 नोटरी जबलपुर म प्र ।

गलत नाम एंव जन्मतिथि MEENA DEVI / 01/07/1970

सही नाम एंव जन्मतिथि KRISHNA DEVI / 01/01/1971

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्रं-स.अधि./13/मुख्यालय/2026-27/एम/22
दिनांक:- 07/05/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री राजेंद्र मिश्रा पिता - श्री शिव मूर्ति मिश्रा (2) श्रीमति रेखा मिश्रा पति श्री राजेंद्र मिश्रा ने मकान नं. 1172/ए-6 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान प्रथम तल 750 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्र. 1575/अ-6/2025-26

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मनोज तिवारी पिता बाबूलाल तिवारी, निवासी 488/1 घमापुर हाईकोर्ट जबलपुर द्वारा ग्राम कजरवारा प.ह.नं. 10, नं.ब....., ख.नं. 23/09, रकबा 0.0220हे. हेक्टेयर/वर्गफुट भूमि रजिस्टर्ड फौती के आधार पर शासकीय अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अत: उक्त भूमि आवेदक के नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/एतराज हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय के कक्ष क्र. 32 में तारीख पेशी के पूर्व पेश कर सकता है। समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनाँक 29/04/2026 को जारी।

**जारी दिनांक-29/04/2026**
**पेशी दिनांक-13/05/2026**

सील
अतिरिक्त तहसीलदार
रांझी ,जबलपुर

## 100 बेड के अस्पताल में नहीं कूलर की व्यवस्था

# बारातियों की खुशियां दुःख में बदली

## बोरगांव से नागपुर गई बारात में 'फूड पॉइजनिंग' का तांडव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

एक ओर शहनाइयों की गूंज थी, तो दूसरी ओर अचानक चीख-पुकार मच गई। ग्राम बोरगांव के मोहखेड़े परिवार की खुशियां उस वक्त फीकी पड़ गईं, जब नागपुर गई एक बारात में दूषित भोजन करने से 100 से अधिक लोग 'फूड पॉइजनिंग' का शिकार हो गए। हालत इतनी बिगड़ी कि बुधवार आधी रात को एम्बुलेंस और निजी वाहनों से मरीजों को अस्पताल दौड़ना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार को बोरगांव से मोहखेड़े परिवार की बारात नागपुर गई थी। विवाह समारोह में भोजन के कुछ घंटो बाद बारातियों को उल्टी, दस्त और तेज पेट दर्द की शिकायत होने लगी। बोरगांव पहुंचने के बाद में रात्रि 12 बजे के लगभग एंबुलेंस की मदद से सौसर अस्पताल में 33 से अधिक महिला बच्चे बुजुर्गों को बीमार अवस्था में भर्ती किया गया था। उधर नागपुर के अस्पतालों में भी कई मरीजों का इलाज किया जा रहा है।



### दही-बड़ा, गुलाब जामुन खाने से बिगड़ा मामला

नागपुर में शादी समारोह के दौरान बनाए गए भोजन से तबियत बिगड़ने की जानकारी मिल रही है। अस्पताल में भर्ती मरीजों से मिली जानकारी के अनुसार शादी समारोह में दही बड़ा गुलाब जामुन खाने के बाद ही तबीयत खराब होना शुरू हुई थी। इस समारोह में बोरगांव के साथ ही मुलताई, बैतूल,सावनेर महाराष्ट्र से आए मेहमान भी प्रभावित हुए हैं, जो अपने-अपने क्षेत्रों में उपचार करा रहे हैं।



### आधी रात को अस्पताल में पहुचे मरीज

बुधवार रात करीब 11 बजे जैसे ही बीमार बाराती वापस बोरगांव लौटे, उनकी स्थिति और गंभीर हो गई। आनन-फानन में उन्हें सौसर के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। सौसर अस्पताल प्रबंधन ने मुस्तैदी दिखाते हुए इमरजेंसी वार्ड को सक्रिय किया। प्रभारी बीएमओ सौसर डॉ. रुपेश बोकडे,डॉ. संदीप नखाते की निगरानी में डॉक्टरों की टीम तुरंत इलाज में जुट गई। किसी भी मरीज को नागपुर या अन्य अस्पतालों में रेफर नही किया गया है। फिलहाल 33 मरीजों का उपचार जारी है और सभी की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### विधायक, पूर्व मंत्री, एसडीएम पहुंचे सौसर अस्पताल

घटना की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्रीय विधायक विजय चौरे पूर्व मंत्री नाना मोहोड़, एसडीएम प्रियंक मिश्रा, भाजपा युवा नेता राहुल मोहड़ ने तत्काल अस्पताल पहुंचकर मरीजों का हाल जानाजनप्रतिनिधियों ने डॉक्टरों को सख्त निर्देश दिए कि उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्धता के साथ मरीज का इलाज किया जाए।

### अस्पताल में नहीं कूलर की व्यवस्था, गर्मी में हो रहा इलाज

वर्तमान में भीषण गर्मी पड़ रही है। बावजूद इसके सौसर अस्पताल में भर्ती हुए मरीजों को गर्मी में परेशान होना पड रहा है। महिला, पुरुष, बच्चा, गर्भवती महिला वार्ड साथ ही डॉक्टरों के कमरों,आदि में भारी गर्मी के बावजूद कूलर की व्यवस्थाएं नजर नहीं आ रही है। जिसके चलते मरीजों के साथ-साथ डॉक्टर और विभागीय कर्मचारियों को भी पंखे के सहारे परेशान होकर गर्मी इलाज करना पड़ रहा है। अस्पताल में भर्ती वार्ड मरीजो ने नाराजगी व्यक्त करते हुए क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों से इस ओर ध्यान देते हुए तत्काल कुलर की व्यवस्था बनाने की मांग की है। ताकि मरीजों को गर्मी से राहत मिल सके।

### इनका कहना है

शादी में भोजन से फूड प्वाइजनिंग होने की संभावनाएं है, रात्रि से ही 33 मरीजो का निरंतर इलाज जारी है, फिलहाल सभी मरीज ऑब्जर्वेशन में हैं। शुरुआती जांच में यह स्पष्ट रूप से फूड पॉइजनिंग का मामला है। दूषित भोजन या गर्मी के कारण खाद्य पदार्थों के खराब होने से ऐसी स्थिति बन सकती है। डॉक्टर की टीम के द्वारा लगातार मरीजों की निगरानी स्वास्थ्य पर नजर बनाए हुए है।सभी मरीजों का सौसर में ही इलाज चल रहा है किसी को भी रेफर नहीं किया गया है।

**डॉ रूपेश बोकडे, प्रभारी बीएमओ सौसर**

---

### शिवपुरी थाना क्षेत्र का मामला

## कार पर गिरा कोयले से भरा ट्रक, एक की मौत, एक घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

शिवपुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत हरणभटा में एक कोयले से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर कार पर गिर गया। जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई। उसमें सवार कार चालक की मौत हो गई। कार में सवार अन्य युवक गंभीर घायल हुआ। जिसे छिंदवाड़ा ले जाया गया। मृतक का शव परासिया अस्पताल लाया गया। मृतक चांदामेटा निवासी लगभग 52 वर्षीय मुकेश काले बताया जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार मुकेश काले जो की विभिन्न उत्पादों की मार्केटिंग का कार्य करते हैं, अपने सहयोगी के साथ गुरुवार को झूर्रे की तरफ जा रहे थे। हरणभटा के समीप खदान से कोयला भरकर आ रहा ट्रक क्रमांक एम एच 40 सी डी 4001 का टर्निंग में टायर फटा और वह अनियंत्रित होकर कार क्रमांक एम पी 28 सी ए 0724 के ऊपर गिर गया। जिसमें कार चालक मुकेश काले दब गया और उसकी मौत हो गई। उसका सहयोगी जो बगल की सीट पर बैठा था, गंभीर घायल हुआ। जिसका नाम सुरेंद्र मालवीय बताया जा रहा है। मृतक मुकेश एक प्रतिष्ठ व्यक्ति थे, वे रोटरी क्लब से भी जुड़े थे। घटना की खबर मिलते ही उनके परिजनों, दोस्तों की भीड़ अस्पताल में जमा हो गई।



### ऑस्ट्रेलिया से आएगी पत्नी फिर होगा अंतिम संस्कार

बताया जा रहा है, कि मृतक मुकेश की पत्नी और बड़ा बेटा ऑस्ट्रेलिया में है। जिन्हें घटना की सूचना दे दी गई है। उनके आने के बाद अंतिम संस्कार होगा। मृतक का छोटा बेटा भोपाल में है। जो चांदामेटा के लिए निकल गया है।

---

## भीषण सड़क हादसाः खुटहा में हाईवा ने पिकअप को मारी जोरदार टक्कर, दर्शन कर लौट रहे 12 यात्री घायल





**सतना।** नेशनल हाईवे क्रमांक 30 पर स्थित खुटहा में गुरुवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। तेज रफ्तार के कहर ने एक बार फिर यात्रियों की जान जोखिम में डाल दी। यहाँ इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास एक अनियंत्रित हाईवा ने आगे चल रही पिकअप को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में पिकअप सवार करीब एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

### बसामन मामा के दर्शन कर लौट रहे थे श्रद्धालु

मिली जानकारी के अनुसार, पिकअप में सवार सभी यात्री बसामन मामा के दर्शन कर वापस




लौट रहे थे। जैसे ही उनका वाहन खुटहा पहुँचा, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार हाईवा ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर चीख-पुकार मच गई और अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया।

### डायल 112 ने पहुँचाया अस्पताल

घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तत्काल सक्रिय हुई। मौके पर तैनात आरक्षक सचिन सिंह और पायलट अखिलेश तिवारी ने बिना समय गंवाए घायलों को रेस्क्यू किया। सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरपाटन में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनका इलाज जारी है। पुलिस द्वारा फिलहाल घायलों की पहचान की जा रही है और हादसे के कारणों की विस्तृत जाँच जारी है।

---

## दुल्हन के लाखों के जेवरात चोरी करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कुठला थाना अंतर्गत पन्ना मोड़ के समीप स्थित विद्या मैरिज गार्डन से दुल्हन के आभूषण चोरी करने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में राजकुमार उर्फ तिज्जू कोरी को मय जेवरातों के गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार सूचनाकर्ता फरियादी हरीश त्रिपाठी निवासी पहरुआ मण्डी द्वारा थाना में रिपोर्ट की गई कि 3 मई की रात्रि उसकी बहन की शादी विद्या मैरिज गार्डन में आयोजित थी। शादी के दौरान कमरे में रखी बन्द पेटी का कुंदा तोड़कर उसमें रखे सोने - चांदी के जेवरात (हार,झुमकी,बिछिया, अंगूठियाँ आदि) कुल कीमत लगभग 3,00,000 रुपये को अज्ञात व्यक्ति चोरी कर लिया है जिसके बाद परिजनों द्वारा तलाश की गई, किन्तु सामान नहीं मिला, मैरिज गार्डन के सीसीटीवी फुटेज देखने पर एक व्यक्ति गमछा डाले कमरे में प्रवेश कर सिंगारदानी ले जाते तथा दूसरा व्यक्ति बाहर निगरानी करते दिखाई दिया। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की गई। आरोपियों की तलाश पुलिस द्वारा तकनीकी सहायता लेकर विवेचना की गई।

---

### मुख्य आरोपी अजीत बाहेश्वर गिरफ्तार, नाबालिग से जुड़े मामले में पुलिस ने की कार्यवाही

## बात, मुलाकात फिर बलात्कार!



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में 15 वर्षीय नाबालिग की आत्महत्या के मामले में फरार मुख्य आरोपी अजीत बाहेश्वर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने नाबालिग के साथ शारीरिक संबंध बनाने की बात स्वीकार की है। अजीत बाहेश्वर को दो दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया था। रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद गुरुवार, 7 मई को उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अजीत की पहचान नाबालिग से महज दो हफ्ते पहले हुई थी। यह पहचान लवकुश कोहरे की महिला मित्र के माध्यम से हुई थी, जो नाबालिग की सहेली थी।

घटना की रात, अजीत ने अपने दोस्त लवकुश कोहरे के मोबाइल से नाबालिग को फोन कर मिलने बुलाया था। इसके बाद, 27-28 अप्रैल की दरमियानी रात नाबालिग घर से कुछ युवकों के साथ मोटरसाइकिल पर गई थी।पुलिस जांच में पता चला है कि देर रात करीब एक से दो बजे के बीच नाबालिग युवकों के साथ थी। इसी दौरान, आरोपी अजीत ने नाबालिग के साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद उसे आधे रास्ते में छोड़ दिया गया।यौन शोषण और अकेले छोड़ दिए जाने से मानसिक रूप से व्यथित नाबालिग ने घर से कुछ ही दूरी पर रेलिंग में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घटना के बाद मुख्य आरोपी फरार हो गया था, जबकि उसके दोस्त लवकुश कोहरे को भरवेली पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।शुरुआत में इसे आत्महत्या का मामला माना जा रहा था। हालांकि, घटना की रात नाबालिग के युवकों के साथ मोटरसाइकिल पर जाते हुए सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद मामला गरमा गया। मुस्लिम समाज के लोगों और जनप्रतिनिधियों के दखल के बाद पुलिस पर मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी का दबाव बढ़ गया।पुलिस ने मोबाइल फोन, सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर जांच की। कड़ियों को जोड़ते हुए पहले लवकुश कोहरे को गिरफ्तार किया गया और अब मुख्य आरोपी अजीत बाहेश्वर को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।भरवेली थाना प्रभारी भूपेन्द्रसिंह पंद्रो ने बताया कि इस मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्ता कर दो दिन की रिमांड पर लिया गया था। जिससे घटना को लेकर पूछताछ की गई। जिसमें आरोपी ने स्वीकार किया है कि उसने, उस रात नाबालिग के साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। जिसकी पुष्टि के लिए डीएनए जांच के लिए भेजा गया है।

---

## जेल की सलाखें भी न रोक सकीं मोहब्बत का रास्ता

### जेल में हुई मुलाकात, प्यार परवान चढ़ा, सजा खत्म हुई तो धूमधाम से विवाह हो गया

छतरपुर।



पुरानी कहावत है कि प्यार में ना कोई उम्र का बंधन होता है और ना ही धर्म और जाति का बंधन होता है जब प्यार परवान चढता है तो समाज को भी एक बार झुकना पड़ता है। ऐसा ही प्यार का एक मामला सेंट्रल जेल सतना की डिप्टी जेलर का सामने आया है। डिप्टी जेलर फिरोजा खान सतना जेल में वारंट शाखा का चार्ज देख रही थी और आजीवन सजा काट रहा धर्मेन्द्र जो चंदला का निवासी है वह वारंट शाखा में डिप्टी जेलर का सहयोग कर रहा था। और यहीं से दोनों के प्यार की कहानी धीरे धीरे शुरू हुई जो जेल की चार दीवारी से बाहर आकर अब शादी में बदल गई और दोनों ने एक दूसरे के साथ जिंदगी बिताने के लिए कसमें खाई और शादी के परिणय सूत्र में 5 मई को लवकुशनगर के एक मैरिज हाउस सें डिप्टी जेलर और सजामाफी कैदी का विवाह धूमधाम से विवाह हो गया और सभी ने पहुंचकर उन्हें आशीर्वाद भी दिया।

बताया जा रहा है कि बर्ष 2007 में चंदला नगर परिषद के उपाध्यक्ष कृष्णदत्त दीक्षित की धर्मेन्द्र ने हत्या कर दी थी और उसका शव दफन कर दिया था। बाद में पुलिस की जांच में धर्मेन्द्र सिंह इस हत्याकाड का दोषी पाया गया और अदालत ने उसे कृष्णदत्त दीक्षित का हत्यारा मानते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। चूँकि आजीवन कारावास की सजा होने पर कैदी को केन्द्रीय जेल सतना में भेजा गया था। सतना जेल पहुंचने पर जेल के अंदर धर्मेन्द्र सिंह का व्यवहार जेल प्रशासन को अच्छा देखने को मिला और जेल मैन्यूवल नीति के अनुसार धर्मेन्द्र सिंह को जेल के कार्यो में सहयोगी बना दिया गया और उसे जेल की वारंट शाखा में सहयोग के लिए रखा गया। वारंट शाखा एक ऐसी शाखा है जहां कैदियों की आमद रिहाई संबंधी लिखा पढी होती है और वह वहां दस्तावेज सभालने का काम करता था।

### वारंट शाखा से शुरू हुई सच्ची प्रेम कहानी बीते 5 मई को शादी के बंधन में बदल गई

डिप्टी जेलर के रूप में फिरोजा खान की तैनाती सेंट्रल जेल सतना में हुई फिरोजा खान ने पटवारी रहकर पीएससी परीक्षा पास की और डिप्टी जेलर बन गई। सतना जेल में उसे वारंट शाखा का प्रभार दिया गया फिरोजा खांन कैदियों के आने जाने का रिकार्ड देखती और सहायक के रूप में धर्मेन्द्र सिंह उनकी मदद करता था। धीरे धीरे दोनों के बीच प्यार की बातें होने लगी और एक दिन ऐसा भी आया कि दोनों के बीच प्रेम का अंकुर फूटने लगा, लेकिन इनके प्रेम प्रसंग की जानकारी जेल प्रशासन को नहीं थी जैसे ही अच्छे चाल चलन के कारण धर्मेन्द्र सिंह की गिनती सतना जेल में अच्छे कैदी के रूप में होने लगी थी। जेल के सभी अधिकारियों की नजर में धर्मेन्द्र सिंह अच्छी छबि वाला कैदी बन गया था। जेल मैन्यूवल के तहत अच्छी छबि वाले कैदी को जेल प्रशासन सजा पूरी होने से पहले रिहा कर सकता है और यही धर्मेन्द्र के साथ हुआ 3 साल पहले धर्मेन्द्र को तय प्रावधानो के तहत जेल से रिहा कर दिया।

### हत्या के मामले में धर्मेंद्र सिंह चार दीवारों में लगभग 18 साल की उम्र में कैद हो गया था

बताया जा रहा है कि लगभग 18 साल की उम्र में ही धर्मेन्द्र सिंह जेल की चार दिवारी में कैद हो गया था लेकिन जब वह बाहर निकला तो सब कुछ अलग था और उसे जेल की कहानियां रह रह कर याद आती थी। और वह फिर सतना जेल डिप्टी जेलर फिरोजा से मिलने जाने लगा और यही मेल मिलाप लोगों की नजरों में आ गया, जो कहानी जेल के अंदर पूरी तरह से छिपी हुई थी। धर्मेन्द्र के बाहर आते ही सबके सामने आ गई। अब दोनों ने शादी के बंधन में बधने का निर्णय लिया था लेकिन फिरोजा और धर्मेन्द्र की शादी में समाज की दीवारें और दो अलग अलग धर्म बाधक बन रहे थे। क्योंकि फिरोजा खालिस मुस्लिम और धर्मेन्द्र हिन्दू था धर्मेन्द्र के परिजन मान नही रहे थे लेकिन शादी सपने देख रही फिरोजा ने हिन्दू रीति रिवाज अपनाने शुरू कर दिए और धर्मेन्द्र ने भी परिजनों को मनाना शुरू किया लेकिन अंत में धर्मेन्द्र और फिरोजा के प्यार के आगे धर्मेन्द्र के परिजनों को झुकना पड़ा और दोनों की शादी हो गई। हिन्दू रीति रिवाज से जब शादी होती है तो उसमें लड़की के माता पिता कन्यादान करते है लेकिन फिरोजा के माता पिता शादी से सहमत नहीं थे जिस कारण कन्यादान की समस्या सामने आ गई। लेकिन बजरंग दल के पदाधिकारी राजबहादुर जो जेल में निर्माण कार्य का ठेका लिए हुए थे। उनके सामने यह बात पहुंची तो राजबहादुर ने कन्या दान लेने का निर्णय लिया और अपने मित्र सचिन शुक्ला को भाई का दायित्व निभाने की बात रखी। अब 5 मई को धूमधाम से लवकुशनगर के मैरिज हाउस में दोनों की शादी हिन्दू रीति रिवाज से हुई और इस शादी के साक्षी सतना जेल के अधिकारी, अन्य जेल के अधिकारी वा समाज के अन्य लोग बने। जिन्होंने मौके पर पहुंचकर नव युगल दम्पंति को नया जीवन शुरू करने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी।

---

## बरगी डैम हादसे से नहीं लिया सबक, त्योंथर में टमस नदी में बिना लाइफ जैकेट के नाव पर सवारी कर रहे लोग

**रीवा।** बीते दिनों जबलपुर के बरगी डैम में हुए क्रूज हादसे ने देश भर के लोगों झकझोर कर रख दिया था, इस हादसे में कई लोगों की दर्दनाक मौत हुई थी, जबलपुर हादसे के बाद रीवा से कुछ हौरान कर देने वाली तस्वीरें सामने आई हैं, जिसे देख कर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि, शासन और प्रशासन जबलपुर के बरगी में हुए क्रूज हादसे के बाद कितना सजग और गंभीर है, रीवा जिला के त्योंथर तहसील क्षेत्र अंतर्गत, टमस नदी पर खुलेआम नियमों को दरकिनार कर नावों का संचालन हो रहा है. जिसमें लोगों की जान जोखिम में डालकर बिना लाइफ जैकेट के ही नैया पार लगाई जा रही है। बता दे जबलपुर के बरगी डैम में हुए दर्दनाक हादसे के बाद भी रीवा जिले के त्योंथर क्षेत्र में प्रशासनिक लापरवाही थमने का नाम नहीं ले रही है,टमस नदी के चिल्ला घाट में बिना लाइफ जैकेट और जरूरी सुरक्षा उपकरणों के नावों का संचालन धड़ल्ले से जारी है. महिला, पुरुष और कॉलेज के छात्र-छात्राएं अपनी जान जोखिम में डालकर नाव से जोखिम भारी यात्रा करने को मजबूर हैं, यहां पर सुरक्षा नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।जान को जोखिम में डालकर नदी पार करते हैं लोगस्थानीय लोगों का कहना है कि इस बारे में कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया गया है, लेकिन इसके बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं. जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है. वहीं छात्र अनूप सिंह चौहान ने बताया कि,'प्रतिदिन इसी तरह जान जोखिम में डालकर यात्रा करना पड़ता है. नाव में महिला पुरुष और छोटे छोटे बच्चों को बिना लाइफ जैकेट सहित अन्य किसी भी सुरक्षा उपकरण के बिना ही 10 से 15 लोग यात्रा करते हैं कई बार प्रशासन से गुहार तो लगाई गई पर अब तक कोई नहीं कार्रवाई नहीं की गई।

---

## ट्रेन की चपेट में आए बुजुर्ग के दोनों पैर कटे

**बालाघाट।** बालाघाट जिले के नवेगांव और गोंगलई रेलवे मार्ग के बीच एक 65 वर्षीय बुजुर्ग ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे उनके दोनों पैर कट गए। गंभीर घायल बुजुर्ग को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए नागपुर भेजा गया है।घायल की पहचान वार्ड नंबर 33, आवास टोली गायखुरी निवासी बिसनलाल केकटे के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, बिसनलाल गांव में किराना और सीमेंट की दुकान चलाते हैं। गुरुवार शाम करीब 7 बजे वह घर से एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए निकले थे, जिसके कुछ देर बाद उनके हादसे का शिकार होने की खबर मिली। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बिसनलाल रेलवे पटरी पार कर रहे थे, तभी वे किसी यात्री ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसे में उनके पैर कटने के साथ-साथ शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही ग्रामीण पुलिस और स्थानीय लोगों ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलते ही नगरपालिका उपाध्यक्ष योगेश बिसेन भी जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर इलाज और नागपुर रेफरल की प्रक्रिया में प्रशासनिक सहयोग प्रदान किया। ग्रामीण पुलिस ने इस रेल हादसे के बाद केस दर्ज कर लिया है।

### शादी के मंडप में चली गोली, आरोपी गिरफ्तार

**छतरपुर।** शादी समारोहों में लाइसेंसी हथियार एवं अबैध हथियार ले जाने पर और हर्ष फायर करने पर पूरी तरह से रोक लगी है लेकिन इसके बावजूद भी कुछ शस्त्र प्रेमी लाइसेंसी और अबैध हथियार जरूर लेकर जाते है। जिससे घटनाएं घटित हो रही है। थाना बमीठा अंतर्गत एनएच 39 के किनारे गंज में ओम मैरिज गार्डन में एक शादी समारोह में रात को 12 बजे अबैध कट्टे से फायर किया गया। जिससे मम्मा उर्फ दरवारी पटेल उम्र 55 बर्ष निवासी गंज को गोली लग गई और वह घायल हो गया। दरवारी पटेल उक्त मैरिज हाउस में झमटूली के जालम पटेल के लड़के की शादी में गया था। लेकिन जब वह खाना खा रहा था तो पीछे से नीरज सेन आ गया और दोनो के बीच किसी बात को लेकर बिवाद हो गया। बिवाद इतना बढा की नीरज सेन ने ताव में आकर कट्टे से फायर कर दिया, जो अधेड़ दरवारी पटेल उर्फ मम्मा के हाथ को छूती हुई पेट के आर पार निकल गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल दरवारी पटेल को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहाँ उसकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे ग्वालियर रेफर कर दिया। उधर जैसे ही बमीठा पुलिस को जानकारी लगी तो पुलिस ने धारा 307 के तहत आरोपी नीरज सेन के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध कर लिया।




# पश्चिम बंगाल में रिलीज होगी द बंगाल फाइल्स...

**मुंबई।** विवेक रंजन अग्निहोत्री की फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' आखिरकार पश्चिम बंगाल में रिलीज हो रही है। भाजपा की बड़ी जीत के कुछ दिन बाद यह फिल्म राज्य में स्क्रीन पर आने जा रही है। इससे पहले फिल्म को अनौपचारिक रूप से रोक दिया गया था। अब अगले शुक्रवार यानी 15 मई को रिलीज होगी। 'द बंगाल फाइल्स' विभाजन से पहले बंगाल में हुए सांप्रदायिक हिंसा पर आधारित है। फिल्म में मिथुन चक्रवर्ती और अनुपम खेर जैसे कलाकार हैं। रिलीज से पहले यह फिल्म राजनीतिक विवादों में घिरी रही। निर्देशक ने आरोप लगाया था कि राज्य सरकार ने फिल्म को बंगाल में दिखाने की अनुमति नहीं दी।

लाइफ Style



# साई एक दिन को ना कहने वाली थीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

साउथ की दिग्गज अभिनेत्री साई पल्लवी ने आमिर खान प्रोडक्शन हाउस की फिल्म 'एक दिन' से बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया है। इस फिल्म में वो आमिर खान के बेटे जुनैद खान के साथ प्रमुख भूमिका में नजर आई हैं।

फिल्म इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म छह दिनों में कोई खास कमाई नहीं कर पाई है। वहीं, क्रिटिक्स से भी फिल्म को मिली-जुली प्रतिक्रियाएं ही हासिल हुई हैं। अब साई पल्लवी ने खुद बताया कि क्यों उन्होंने 'एक दिन' के लिए हां कहा और स्क्रिप्ट में उन्हें क्या चीज पसंद आई। आमिर खान टॉकीज के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर साई पल्लवी और जुनैद खान का एक वीडियो साझा किया गया है। इसमें दोनों कलाकार अपनी फिल्म 'एक दिन' के बारे में बातचीत कर रहे हैं।

इस दौरान जब जुनैद ने साई से 'एक दिन' को हां करने के फैसले के बारे में पूछा, तो उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा यकीन था कि वह यह फिल्म नहीं करेंगी, क्योंकि वह कई भाषाओं में बड़ी-बड़ी फिल्मों का हिस्सा रही हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि फिल्म का पैमाना मुझे प्रभावित नहीं करता। उस समय तक मैंने कई गंभीर फिल्में की थीं और मैं कुछ हल्का-फुल्का करना चाहती थी। ऐसी फिल्म जिसमें मुझे शूटिंग के दौरान और बाद में भी ज्यादा तनाव न झेलना पड़े। इसलिए जब स्क्रिप्ट आई, तो मुझे लगा कि यह हॉलीवुड फिल्म 'बिफोर सनराइज' जैसी होगी।

## हॉलीवुड मसाला



# हैरी पॉटर... के दूसरे पार्ट की घोषणा

**लॉस एंजिल्स।** 'हैरी पॉटर' फिल्मों को पसंद करने वाले दुनिया भर में मौजूद है, खासकर बच्चों के बीच इस फ्रैंचाइज की फिल्में काफी पॉपुलर हैं। ऐसे में सीरीज के तौर पर 'हैटी पॉटर' का पहला सीजन जल्द ही आने वाला था। लेकिन, फर्स्ट सीजन के आने से पहले ही इसके दूसरे सीजन की भी घोषणा हो गई है। मेकर्स ने सीरीज 'हैरी पॉटर' के दूसरे सीजन में की कहानी और शूटिंग से जुड़ी जानकारी साझा की है। राइटर जे.के. रोलिंग की सात किताबों को 'हैरी पॉटर' के अलग-अलग सीजन के तौर पर बनाया जाएगा।



# देसी गर्ल रीसेट में ऑरलैंडो के साथ आएंगी नजर...

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा के सितारे इन दिनों बुलंदियों पर हैं। हाल ही में उनकी एक सीरीज 'सिटाडेल 2' रिलीज हुई। डायरेक्टर राजामौली की मेगा बजट दक्षिण भारतीय फिल्म वाराणसी भी वह कर रही हैं। अब उनके हाथ एक हॉलीवुड प्रोजेक्ट और लगा है। इस फिल्म का नाम रीसेट है। यह एक सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म होने वाली है। इस फिल्म में उनके साथ ऑरलैंडो ब्लूम को कास्ट किया गया है। प्रियंका चोपड़ा ने भी इस खबर को अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया और इस पर एक्ट्रेस दीया मिर्जा ने रिएक्ट किया। फिल्म रीसेट की शूटिंग को लेकर भी अपडेट सामने आया है। इस फिल्म की शूटिंग अगस्त महीने में शुरू हो सकती है। प्रियंका चोपड़ा इस फिल्म में एक्टिंग करने के साथ इसे प्रोड्यूस भी करेंगी।



# बॉबी की फिल्म बंदर का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** अनुराग कश्यप और बॉबी देओल की आगामी फिल्म 'बंदर' का टीजर गुरुवार को जारी हो गया है। फिल्म को वैश्विक स्तर पर काफी सराहना मिली है और फिल्म फेस्टिवल्स में भी फिल्म की तारीफ हुई है। अब लंबे इंतजार के बाद फिल्म भारत में सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। 1 मिनट 29 सेकंड के इस टीजर की शुरुआत बॉबी देओल के एक लाइव परफॉर्मेंस से होती है। जहां वो गाना गाते और परफॉर्म करते नजर आते हैं। इसके बाद बॉबी देओल को अचानक जेल हो जाती है और उनका एक अलग अंदाज देखने को मिलता है। छोटे से टीजर में फिल्म की बाकी कास्ट की भी झलक देखने को मिलती है, जिसमें सान्या मल्होत्रा और सबा आजाद जैसे नाम शामिल हैं। फिल्म को असल घटनाओं से प्रेरित बताया गया है।



# कर्तव्य में पुलिस अधिकारी का निभा रहे रोल

**मुंबई।** सैफ अली खान की नई क्राइम ड्रामा फिल्म 'कर्तव्य' का धांसू ट्रेलर गुरुवार को जारी कर दिया गया है। ट्रेलर में टेंशन और नैतिक उलझनों से भरी दुनिया दिखाई गई है। इसमें सैफ अली खान के अलावा रसिका दुगल, संजय मिश्रा, जाकिर हुसैन, मनीष चौधरी और सौरभ द्विवेदी जैसे शानदार कलाकार हैं। यह एक क्राइम ड्रामा फिल्म है। फिल्म में सैफ अली खान एक पुलिस अधिकारी पवन का रोल निभा रहे हैं। पवन अपने फर्ज और परिवार के बीच फंसा हुआ है। सैफ अली खान पुलिस अधिकारी पवन की भूमिका में हैं। ड्यूटी के दौरान एक पत्रकार उनकी निगरानी में गोली लगकर मर जाता है। इसके बाद पवन जांच के घेरे में आ जाता है। सीनियर अधिकारियों का दबाव बढ़ता जाता है और पवन हमलावर को पकड़ने के चक्कर में फंसता चला जाता है।

## टीवी मसाला



# दूरदर्शन पर रामायण से ज्यादा कल्ट था ये माइथोलॉजिकल शो

**नई दिल्ली।** एक समय हुआ करता था कि देशभर में सिर्फ और सिर्फ पौराणिक कहानी वाले टीवी शोज का क्रेज देखने को मिलता था। इस मामले में दूरदर्शन टीवी चैनल मनोरंजन का मुख्य साधन माना जाता था। रामानंद सागर की रामायण ने डीडी नेशनल पर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया था। माइथोलॉजिकल शोज का अपना एक अलग क्रेज रहा है। आज भी दूरदर्शन पर पौराणिक कहानी दर्शाने वाले धारावाहिकों का जिक्र किया जाता है, जो ये बताने के लिए काफी है, सही मायनों में उन सीरियल्स ने जनता का दिल जीता था। इस बीच हम आपको बता दें कि दूरदर्शन पर रामानंद सागर के रामायण धारावाहिक से अधिक पॉपुलर रहने वाले शो का नाम श्री कृष्णा था। जी हां भगवान श्री कृष्ण की जीवन लीला पर आधारित ये शो 1993 में पहली बार डीडी नेशनल पर प्रसारित हुआ था और 1997 तक जारी रहा था। इस दौरान श्री कृष्णा के 221 एपिसोडों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया था। शो के मेकर्स सागर वर्ल्ड यानी रामानंद सागर ही थे। रामायण से ज्यादा लोकप्रियता सागर के श्री कृष्णा को लोकप्रियता मिली थी। गौर करें रामायण शो के टाइम पीरियड की तरफ तो इसे पहली बार 1987 में दूरदर्शन पर प्रस्तुत किया गया था और 1988 में ये 78 एपिसोड के साथ समाप्त हो गया था। इस लिहाज से श्री कृष्णा ज्यादा लंबे समय तक चला और ऑडियंस का फेवरेट रहा। श्री कृष्णा शो में भगवान श्री कृष्ण की भूमिका निभाने वाले अभिनेता का नाम सर्वदमन डी. बनर्जी है, जिनका जन्म बंगाली ब्रह्माण फैमिली हुआ।

## नए सीरियल वसुधा ने मारी बाजी

**नई दिल्ली।** कई हफ्तों से स्मृति ईरानी का सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' टीआरपी लिस्ट में टॉप पर बना हुआ था। लेकिन ,17वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में बड़ा उलटफेर हुआ। इस बार एक नए सीरियल ने पहले नंबर पर जगह बनाई है। सीरियल 'वसुधा ने 17वें हफ्ते की



टीआरपी लिस्ट में अपने लिए पहले नंबर पर जगह बनाई है। 1.8 की टीआरपी इस सीरियल को मिली है। यह सीरियल 16वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में दूसरे नंबर पर था। इसकी टीआरपी तक 1.7 थी। सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' को 17वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में दूसरा स्थान मिला है। इसकी टीआरपी 1.7 रही है। जबकि स्मृति ईरानी के इस सीरियल को 16वें हफ्ते में 1.8 की टीआरपी मिली है। ऐसे में देखा जाए तो इसकी टीआरपी काफी घटी है। 17वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में तीसरे स्थान पर 'गंगा मां की बेटियां' रहा है। इसकी टीआरपी 1.6 है।

# गवर्नर में देश के सबसे बड़े आर्थिक संकट की कहानी लेकर आ रहे मनोज

**मुंबई।** मनोज बाजपेयी की आगामी फिल्म गवर्नर का टीजर गुरुवार को रिलीज किया गया है। यह फिल्म 1990 के दशक के भारत के सबसे बड़े आर्थिक संकट पर आधारित है। मनोज बाजपेयी ने फिल्म में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर की भूमिका निभाई है। उनका किरदार आरबीआई के तत्कालीन गवर्नर एस. वेंकटरमणन के जीवन से प्रेरित है।मनोज बाजपेयी के जन्मदिन पर 'द साइलेंट सेवियर गवर्नर' का पोस्टर सामने आने के बाद से ही इसे लेकर काफी चर्चा है। अब मेकर्स ने इसका दमदार टीजर भी जारी कर दिया है, जो बेहद दिलचस्प मालूम पड़ता है। फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है और 1990 के दशक में भारत के सबसे बड़े आर्थिक संकट (इकोनॉमिक मेल्टडाउन) की कहानी को सामने लाती है। फिल्म में मनोज बाजपेयी पहली बार आरबीआई गवर्नर के किरदार में नजर आएंगे। टीजर में 1990 के समय की कहानी को दिखाया गया है, जब



देश पर आर्थिक संकट आया था। उसके बाद कैसे एक आरबीआई गवर्नर ने एक साइलेंट सेवियर की भूमिका निभाते हुए देश को इस आर्थिक संकट से उबारा था।टीजर में मनोज बाजपेयी के अलावा अदा शर्मा और फिल्म की बाकी कास्ट की भी हल्की सी झलक देखने को मिलती है। मनोज बाजपेयी की गवर्नर 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। विपुल अमृतलाल शाह द्वारा निर्मित 'गवर्नर' को मराठी सिनेमा के पावर-परफॉर्मर चिन्मय मांडलेकर ने निर्देशित किया है। फिल्म में मनोज बाजपेयी के साथ अदा शर्मा प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म की कहानी सुवेंदु भट्टाचार्जी, सौरभ भारत, रवि असरानी और विपुल अमृतलाल शाह ने लिखी है। फिल्म में जावेद अख्तर के गीत और अमित त्रिवेदी का संगीत है।

# 'सरके चुनर' गाने में किसी को ठेस पहुंचाने का नहीं था कोई इरादा : नोरा

**नई दिल्ली।** मार्च 2026 में रिलीज हुए अभिनेत्री नोरा फतेही के गाना 'सरके चुनर' पर जमकर विवाद हुआ था। अब गुरुवार को इस मामले में एक्ट्रेस राष्ट्रीय महिला आयोग के सामने पेश हुईं। यहां उन्होंने मीडिया से बात कर अपनी सफाई दी। राष्ट्रीय महिला आयोग के कार्यालय से बाहर निकलते हुए नोरा ने मीडिया से बात कर मामले पर अपनी सफाई दी। उन्होंने कहा, 'यह बस एक ऐसी स्थिति थी जिसमें मुझे डाल दिया गया और मेरा किसी को ठेस पहुंचाने का कोई इरादा नहीं था। एक कलाकार होने के नाते मुझे अपनी जिम्मेदारी निभानी ही होगी।



मैंने माफी मांग ली है और सब कुछ लिखित में दे दिया है। वो लोग बहुत ही दयालु और मददगार हैं।' आगे नोरा ने कहा, 'समाज से मिले प्यार को वापस करना हमारी जिम्मेदारी है इसलिए मैंने फैसला किया है कि मैं कुछ अनाथ लड़कियों की शिक्षा का खर्च उठाऊंगी। इस मामले के बाद यही हमारा लक्ष्य है।' फिल्म 'केडीः द डेविल' का गाना 'सरके चुनर' मार्च में रिलीज किया गया था। रिलीज के बाद दर्शकों ने इसकी काफी आलोचना की। इसके हिंदी गाने के बोल और विजुअल्स दोनों ही अश्लील और आपत्तिजनक लगे थे जिसके बाद सोशल मीडिया पर इसे लेकर हंगामा हुआ था। बाद में मेकर्स ने माफी मांगते हुए गाने को सभी प्लेटफॉर्म्स से हटा लिया गया। साथ ही अभिनेत्री नोरा फतेही और अभिनेता संजय दत्त पर महिला आयोग ने कड़ा रूख अपनाया था।

## ओटीटी और थिएटर्स में आज रिलीज होंगी ये फिल्में-सीरीज

# वीकेंड की बोरियत होगी खत्म, मनोरंजन का मिलेगा डबल डोज

*नई दिल्ली। हर फ्राइडे का इंतजार सिने प्रेमियों को बड़ी ही बेसब्री के साथ होता है। ओटीटी से लेकर सिनेमाघरों में शुक्रवार को कई ऐसी बड़ी फिल्में और सीरीज दस्तक देती हैं, जिनके इंतजार में दर्शक न जाने कब से पलकें बिछाए बैठे रहते हैं। मई के महीने का दूसरा शुक्रवार यानी आज सिनेमाघरों और ओटीटी में 11फिल्में और सीरीज दस्तक देने वाली हैं।*




**लुक्खे** : चंडीगढ़ के बैकग्राउंड पर बनी 'लुक्खे' की कहानी दो महत्वाकांक्षी रैपर्स की दुश्मनी पर बेस्ड है, जिनका सपना कब उनका ऑब्सेशन बन जाता है, पता ही नहीं चलता। इस कारण आर्टिस्ट के पैशन और निजी दुश्मनी के बीच की लाइन धुंधली (फेड) हो जाती है। इस सीरीज से रैपर 'किंग' ओटीटी की दुनिया में डेब्यू कर रहे हैं। सीरीज में उनके साथ पलक तिवारी भी दिखाई देंगी। प्लेटफॉर्म- अमेजन प्राइम वीडियो, जॉनर- म्यूजिकल एक्शन ड्रामा।

**नो प्लेस टू बी सिंगल** : फेलिसिया किंग्सले की नॉवेल पर आधारित 'नो प्लेस टू बी सिंगल' की कहानी टस्कनी के बेल्वेडेरे इन चियान्टी शहर की है। यह एक इटालियन रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है, जिसकी कहानी एलिस बेनेटी के इर्द-गिर्द घूमती है। एलिस एक सिंगल मदर है, जिसकी परफेक्ट लाइफ में तब गड़बड़ होती है, जब वह अपने बचपन के दोस्त माइकल मिशेल डी'आर्सी से मिलती है। इस फिल्म में मैटिल्डे जिओली और क्रिस्टियानो कैकामो मुख्य भूमिका में हैं। प्लेटफॉर्म- अमेजन प्राइम वीडियो, जॉनर- रोमांटिक कॉमेडी।

**एम.आई.ए** : साउथ फ्लोरिडा में अपने परिवार के ड्रग साम्राज्य को तबाह करने वाले एक क्रूर समूह से बचने के बाद 'टाइगर' जोंजे मियामी में अपनी नई दुनिया बसाती है। बदले की भावना मन में लिए, वह शहर की जगमगाती आपराधिक दुनिया में आगे बढ़ती है। वह बीतते वक्त के साथ काफी पावरफुल और क्रूर बन जाती है, जो अपने बदले के लिए कुछ भी कर सकती है। प्लेटफॉर्म- जियो हॉटस्टार,जॉनर- क्राइम थ्रिलर।

**माय रॉयल नेमेसिस** : यह कोरियन फैंटेसी रोमांटिक सीरीज ऐतिहासिक रहस्य और मॉडर्न दुनिया का एक अनोखा मिश्रण है। कांग डैन-शिम, जोसियन एरा की एक क्रूर उपपत्नी है, जो अपनी मौत को चकमा देकर वर्तमान सियोल में एक स्ट्रगलिंग एक्ट्रेस के रूप में संघर्ष कर रही है। क्योंकि वह दूसरी दुनिया में है, ऐसे में वह चा-से-ग्योन के साथ एक पैशनेट रोमांस में फंस जाती है। प्लेटफॉर्म- नेटफ्लिक्स ,जॉनर- रोमांटिक ड्रामा।

**लव मॉकटेल 3** : कन्नड़ 'लव मॉकटेल 3' भी साल 2022 में रिलीज हुई रोमांटिक ड्रामा फिल्म का अगला हिस्सा है, जो अब OTT प्लेटफॉर्म पर इस फ्राइडे को दस्तक देने जा रही है। मूवी की कहानी आदि की है, जो एक बच्चे को गोद लेता है और छोटी निधि के साथ उसका एक अटूट रिश्ता बन जाता है, जो उसके जीवन में खुशियां लाता है और टूटे दिल वाले आदि को बदल देता है। प्लेटफॉर्म- जी5, जॉनर- रोमांटिक ड्रामा।

**डकैत** : 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में आई मृणाल ठाकुर, अनुराग कश्यप और अदिवी शेष स्टारर फिल्म 'डकैत' भी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर इस हफ्ते ही दस्तक देने जा रही है। इस फिल्म ने सिनेमाघरों में कुछ खास कलेक्शन नहीं किया था। कहानी एक ऐसे लड़के की है, जिसकी गर्लफ्रेंड उसे अपने भाई के कत्ल के इल्जाम में जेल भेज देती है और वह कुछ सालों के बाद बदला लेने वापस आता है। प्लेटफॉर्म- अमेजन प्राइम वीडियो ,जॉनर- रोमांटिक थ्रिलर।

**रिमार्केबली ब्राइट क्रीचर्स** : शेल्बी वेन पेल्ट की बेस्ट सेलिंग नॉवेल पर बेस्ड 'रिमार्केबली ब्राइट क्रीचर्स' में टोवा सुलिवन की दिल छूने वाली कहानी दिखाई गई है। टोवा सुलिवन विधवा है और जिस एक्वेरियम में वह काम करती है, वहां उसकी मुलाकात मार्सेलस नाम के एक बेहद बुद्धिमान ऑक्टोपस से होती है, जिससे उसका अटैचमेंट हो जाता है। इस फिल्म में टोवा की इमोशनल, हीलिंग और कनेक्शन की जर्नी को दिखाया गया है। प्लेटफॉर्म- नेटफ्लिक्स, जॉनर - फिक्शन ड्रामा।